भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2936 का उत्तर

पंचदेवरी से भटनी तक रेल खंड को पूरा करना

2936. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि पूरे देश में रेल लाइन का कार्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य तिथि के अनुसार पूरा नहीं होने के कारण लंबित है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सही है कि पंचदेवरी से भटनी तक 49 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का कार्य बिना किसी विशेष कारण के रोक दिया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सही है कि सरकार ने पंचदेवरी और भटनी खंड हेतु भूमि अधिगृहीत करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है ताकि इस रेल लाइन को पूरा किया जा सके और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या यह सही है कि सरकार ने पंचदेवरी से भटनी तक रेल लाइन के लंबित कार्य को पूरा न करने का निर्णय स्वतः लिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार है जिसने पंचदेवरी से भटनी तक रेल लाइन के कार्य को रोकने के लिए सरकार को गुमराह किया और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): रेलवे ने हथुआ-पंचदेवरी-भटनी (80 कि.मी.) नई लाइन परियोजना शुरू की थी। 277 करोड़ रुपये का व्यय उपगत भी किया गया है। तदनुसार, अब तक हथुआ-पंचदेवरी (31 कि.मी.) खंड कमीशन किया गया है।

परियोजना के शेष खंड के लिए, स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिग्रहण पर कड़ा प्रतिरोध रहा। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए रेलवे द्वारा अनेक प्रयास किए गए किंतु इसे हल नहीं किया जा सका। अतः परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी स्वीकृति
- अतिलंघी साधनों का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ
- क्षेत्र की भूवैज्ञानी और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के पूरा होने के समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- प्रस्तावित मार्ग का प्रत्याशित यातायात अनुमान और लाभप्रदता
- परियोजना द्वारा प्रदान की गई आरंभिक और अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता
- अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना
- संकुलित/संतृप्त लाइनों का विस्तार
- राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गईं मांगें

- **रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ**
- **सामाजिक-आर्थिक महत्व**
- **निधियों की समग्र उपलब्धता**

*****